दैनिक भास्कर जोधपुर 03-10-2025

मधुबन संस्थानः महोत्सव में गरबा गीतों पर झूमी छात्राएं

जोधपुर | शारदीय नवरात्रा के अवसर पर मधुबन शिक्षण सेवा एवं विकास संस्थान परिसर में डांडिया महोत्सव-2025 का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां अम्बा की आरती से हुई, जिसे अकादमिक निदेशक डॉ. शुभा दाधीच एवं प्राचार्यों ने संपन्न कराया। संस्थान के विभिन्न निकायों की छात्राओं ने गुजराती, बॉलीवुड व मारवाड़ी गीतों पर आकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो गया। अंत में डॉ. शुभा दाधीच ने बेस्ट कपल डांस, बेस्ट कॉस्ट्यूम, बेस्ट ग्रुप और सोलो डांस में विजेताओं को पुरस्कृत किया। संस्थान के सभी निकाय प्रधान व व्याख्याता मौजूद रहे।